# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

**क्रमांकःजीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2025/2387** **दिनांक : 19.04.2025**

## // संशोधित अधिसूचना //

सर्व सम्बंधित के सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय की पूर्व अधिसूचना क्रमांकःजीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2025/2384 दिनांक 19.04.2025 के द्वारा शासकीय महाविद्यालय, विजयपुर जिला श्योपुर-(जी-108) का परीक्षा केन्द्र परिवर्तित कर नवीन परिवर्तित शासकीय नेहरू महाविद्यालय, सबलगढ़-(जी-104) जिला मुरैना को बनाया गया था। **उक्त अधिसूचना को अपरिहार्य कारणों से तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।**

शासकीय महाविद्यालय विजयपुर, जिला श्योपुर के परीक्षा केन्द्र पर समस्त संस्थागत एवं असंस्थागत परीक्षार्थियों की दिनांक 21.04.2025 से होने वाली आगामी स्नातक स्तर की द्वितीय एवं तृतीय वर्ष परीक्षा मार्च 2025 की समस्त परीक्षायें पूर्ववत परीक्षा केन्द्र शासकीय महाविद्यालय विजयपुर, जिला श्योपुर पर सम्पन्न होंगी।

समस्त सम्बंधित अवगत हो।

**आदेशानुसार**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः-**

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल ।
2. अतिरिक्त संचालक, (उच्च शिक्षा) ग्वालियर चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा, कम्पू,ग्वालियर।
3. श्रीमान जिलाधीश महोदय, जिला - श्योपुर
4. श्रीमान जिलाधीश महोदय, जिला - मुरैना
5. श्रीमान पुलिस अधीक्षक, जिला - श्योपुर कृपया शासकीय महाविद्यालय, विजयपुर परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
6. प्राचार्य, शासकीय नेहरू महाविद्यालय, सबलगढ़, जिला - मुरैना की ओर सूचनार्थ ।
7. प्राचार्य, शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महविद्यालय, जिला श्योपुर को निर्देशित किया जाता है कि वह एक वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष और दो सहायक-केन्द्राध्यक्ष, शासकीय महाविद्यालय, विजयपुर में परीक्षा संचालन हेतु तत्काल भेजें। वीक्षकीय कार्य हेतु जिला शिक्षा अधिकारी से सम्पर्क कर शासकीय स्कूल के शिक्षकों से सहयोग प्राप्त किया जायें। नकल की शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुये शासकीय महाविद्यालय, विजयपुर के परीक्षा केन्द्र पर वीक्षण कार्य/परीक्षा कार्य हेतु महाविद्यालय के शिक्षकों/वीक्षकों को नही लगाया जाये तथा स्थानीय उड़नदस्ते को नियमित रूप से भेजा जाये।
8. पूर्व परीक्षा केन्द्र में उल्लेखित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य, महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर छात्रों को परीक्षा केन्द्र पूर्ववत रखे जाने की सूचना को वाट्सअप ग्रुप पर आवश्यक रूप से सूचित करना सुनिश्चित करें।
9. माननीय कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
10. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
11. श्री एच0के0 द्विवेदी, प्रभारी आई0टी0 सेल को निर्देशित किया जाता है कि वे उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करें।
12. श्री अमल सरकार, कुलसचिव के गोपनीय सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**परीक्षा नियंत्रक**